Website : www.prsuniv.ac.in
E-mail ID- coe@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उ0प्र0

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj,U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि / पनिका / 2024–565 दिनांक :12 सितम्बर, 2024

कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के समस्त पाठ्यक्रमों के ऐसे परीक्षार्थी जो अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा दे चुके हैं तथा वोकेशनल, प्रायोगिकी / मौखिकी व लघु शोध (Dissertation) प्रश्न पत्र का स्पेशल बैक पेपर का फार्म भर चुके हैं। उनके प्राचार्य / प्राचार्या को निम्नलिखित निर्देश दिये जाते हैं–

1. स्नातक स्तर के सत्र 2021–22 में प्रवेशित छात्रों का प्रथम वर्ष का वोकेशनल प्रश्न पत्र को सम्पन्न कराकर अंको को ऑफलाइन माध्यम से विश्वविद्यालय प्रेषित करेंगे तथा अन्य सेमेस्टर (तृतीय, चतुर्थ, पंचम व षष्ठ सेमेस्टर) के वोकेशनल प्रश्न पत्र को सम्पन्न कराकर अंको को ऑनलाइन माध्यम से कालेज लॉगिन से दिनांक 25.09.2024 तक अनिवार्य रूप से पोस्ट करेंगे।
2. वार्षिक पद्धति के स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों की प्रायोगिकी / मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराकर अंको को ऑफलाइन माध्यम से विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे तथा सेमेस्टर पद्धति के स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रायोगिकी / मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराकर ऑनलाइन माध्यम से कालेज लॉगिन से दिनांक 25.09.2024 तक अनिवार्य रूप से पोस्ट करेंगे।
3. परास्नातक पाठ्यक्रमों में लघु शोध प्रबंध (Dissertation) का फार्म भरे हुए परीक्षार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे लघु शोध प्रबंध (Dissertation) की फाइल दिनांक 20.09.2024 तक अनिवार्य रूप से तैयार कर लें। तत्पश्चात विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चारो जनपदों के महाविद्यालयों का एक साथ किसी एक परीक्षा केन्द्र निर्धारित कर लघु शोध प्रबंध (Dissertation) को सम्पन्न कराया जायेगा।

अतः सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या को निर्देशित किया जाता है कि उक्त सूचना से अपने–अपने महाविद्यालय के सम्बन्धित परीक्षार्थियों को सूचित करते हुए उल्लिखित बिन्दुओं का पालन करने का कष्ट करें।

प्रो0 (विनीता यादव)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी।
2. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा)।
4. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को सम्बन्धित महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन तथा विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें तथा उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक